आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 मंगलवार 04.02.2025

मुख्य समाचारः–

1– राज्य सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी अरूण देव गौतम को छत्तीसगढ़ का नया पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया है।

2– राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत मतदान पूर्व तैयारियों का जायजा लेने बस्तर और सुकमा जिले का दौरा किया।

3– प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत आज नामांकन पत्रों की जांच की गई।

4– बीजापुर जिले में माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी की चपेट में आने से तीन जवान घायल।

डीजीपी–नियुक्ति

राज्य सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी अरूण देव गौतम को छत्तीसगढ़ का नया पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया है। श्री गौतम, राज्य के बारहवें पुलिस महानिदेशक होंगे। वे निवर्तमान डीजीपी अशोक जुनेजा की जगह लेंगे। श्री जुनेजा का छह महीने का एक्सटेंशन आज समाप्त हो गया। श्री गौतम उन्नीस सौ बयानवे बैच के अधिकारी हैं। उन्हें उत्कृष्ट सेवाओं के लिए संयुक्त राष्ट्र पदक और राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने बस्तर क्षेत्र के आईजी के रूप में भी अपनी सेवाएं दी हैं।

राज्य निर्वाचन आयुक्त–दौरा

राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने आज नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत मतदान पूर्व तैयारियों का जायजा लेने बस्तर और सुकमा जिले का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में चुनाव पूर्व तैयारियों की जानकारी ली और जरूरी निर्देश दिए। श्री सिंह ने जगदलपुर में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन–ईव्हीएम की लाइव डेमोस्ट्रेशन का अवलोकन किया। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने जगदलपुर के धरमपुरा स्थित मॉडल कालेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया और मतदान सामग्री वितरण एवं मतगणना स्थल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इससे पहले, श्री सिंह ने सुकमा में जनपदपारा मतदान केन्द्र का जायजा लिया। उन्होंने शासकीय आईटीआई कॉलेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को स्ट्रांग रूम में सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा सहित जरूरी मूलभूत सुविधाओं को समय पूर्व सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके बाद श्री सिंह ने कुम्हाररास में ईव्हीएम जागरूकता शिविर का भी अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों के संबंध में प्रचार–प्रसार की जरूरत पर जोर दिया।

इससे पहले, कल राज्य निर्वाचन आयुक्त ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के कलेक्टर, जिला निर्वाचन अधिकारी और उप जिला निर्वाचन अधिकारियों की बैठक लेकर नगरीय निकाय चुनाव के लिए ग्यारह फरवरी को होने वाले मतदान की तैयारियों की समीक्षा की।

पंचायत चुनाव–नामांकन

प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत आज नामांकन पत्रों की जांच की गई। नाम वापसी की अंतिम तिथि छह फरवरी है। संबंधित त्रिस्तरीय पंचायतों में तीन चरणों में – सत्रह, बीस और तेईस फरवरी को वोट डाले जाएंगे और इसी दिन मतदान केन्द्रों में मतगणना होगी।

दुर्ग नगर निगम

नगरीय निकाय चुनाव के तहत राज्य के विभिन्न नगर निगमों की प्रोफाइल की श्रृंखला की कड़ी में आज हम आपको दुर्ग नगर निगम के बारे में बताएंगे।
राज्य के दुर्ग नगर निगम में महापौर पद के लिए भाजपा प्रत्याशी अलका बाघमार और कांग्रेस की प्रत्याशी प्रेमलता पोषण साहू के बीच ही मुकाबला है।

भाजपा प्रत्याशी अलका बाघमार ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत करते हुए बताया कि वे जनता की बुनियादी समस्याओं को लेकर चुनाव मैदान में उतरी हैं

वहीं, कांग्रेस प्रत्याशी प्रेमलता पोषण साहू ने बताया कि वे दुर्ग को स्वच्छ बनाने और मुख्य बाजार इंदिरा मार्केट में पार्किंग व्यवस्था को दुरूस्त करने का काम करेंगी।

साठ वार्ड वाले दुर्ग नगर निगम में करीब दो लाख अड़तीस हजार मतदाता हैं। इनमें एक लाख सोलह हजार से अधिक पुरूष और एक लाख इक्कीस हजार से अधिक महिला मतदाता हैं। वहीं, छब्बीस तृतीय लिंग के मतदाता हैं।

इस बीच, निगम चुनाव को लेकर मतदाताओं में भी खासा उत्साह देखा जा रहा है। डॉक्टर कल्पना ने बताया कि शहर में सफाई और स्वच्छ पेयजल की सुविधाएं पहुंचाना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए।

अभय जवादे की रिपोर्ट के साथ समाचार डेस्क, आकाशवाणी रायपुर।

जवान घायल/ग्रामीण हत्या

बीजापुर जिले में आज माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी की चपेट में आने से तीन जवान घायल हो गए हैं। घायल जवानों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी जवानों की हालत खतरे से बाहर बताई गई है। मिली जानकारी के अनुसार जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र से सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम तलाशी अभियान पर निकली थी। इस दौरान आईईडी विस्फोट हो गया। क्षेत्र में तलाशी अभियान जारी है।

वहीं, इसी जिले के तर्रेम थाना क्षेत्र के ग्राम बुडगीचेरू में माओवादियों ने दो ग्रामीणों की हत्या कर दी है। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि माओवादियों ने मुन्ना माड़वी और राजू कारम की हत्या कर शव के पास पर्चा फेंका था। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

एनआईए–गिरफ्तारी

राष्ट्रीय जांच एजेंसी–एनआईए की टीम ने आज कांकेर जिले में अलग–अलग स्थानों पर दबिश देकर चार लोगों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार एनआईए की टीम ने जिले के ग्राम कलमुच्चे से दो तथा उसेली और आमाबेड़ा से एक–एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एनआईए ने कहा है कि गिरफ्तार सभी लोगों का संबंध माओवादी गतिविधियों से है।

रेलवे–छत्तीसगढ़ प्रावधान

भारतीय रेलवे द्वारा पेश बजट में छत्तीसगढ़ के लिए छह हजार नौ सौ पच्चीस करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। इससे राज्य में रेल नेटवर्क के विस्तार और आधुनिकीकरण को बढ़ावा मिलेगा। बजट प्रावधान के अनुसार राज्य में चल रही छब्बीस परियोजनाओं में सत्ताईस सौ किलोमीटर से अधिक की नई रेल पटरियां बिछाई जाएंगी। इसके लिए अड़तीस हजार तीन सौ अठहत्तर करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। वहीं, हाल ही में मंजूर की गई सैंतीस किलोमीटर की सरडेंगा–भालमुड़ा नई डबल रेललाइन के लिए एक हजार तीन सौ साठ करोड़, बत्तीस रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण के लिए एक हजार छह सौ बहत्तर करोड़ तथा कवच सुरक्षा प्रणाली के लिए भी बजट में प्रावधान है। इसी तरह, बजट में रायपुर स्टेशन

के लिए चार सौ तिरसठ करोड़, दुर्ग स्टेशन के लिए चार सौ छप्पन करोड़ और बिलासपुर स्टेशन के लिए चार सौ पैंतीस करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है।

केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने छत्तीसगढ़ के लिए रेलवे बजट में छह हजार नौ सौ पच्चीस करोड़ रूपये के प्रावधान को ऐतिहासिक बताया है। उन्होंने कहा है कि इससे छत्तीसगढ़ में रेलवे के बुनियादी ढांचे में बदलाव होगा। कनेक्टिविटी में सुधार के साथ यात्री सुविधा बढ़ेगी और राज्य में आर्थिक विकास को बल मिलेगा।

बजट–प्रतिक्रिया

बीते एक फरवरी को केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा संसद में पेश बजट का सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग से जुड़े लोगों ने स्वागत किया है। स्वावलंबी भारत अभियान के प्रांत सह समन्वयक और छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष संजय चौबे ने आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए बताया कि बजट में किए गए प्रावधानों से एमएसएमई सेक्टर को लाभ पहुंचेगा।

विश्व कैंसर दिवस

आज विश्व कैंसर दिवस है। कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इसकी रोकथाम, पहचान तथा उपचार को प्रोत्साहित करने के लिए चार फरवरी को यह दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय है 'यूनाइटेड बाय यूनिक'।

इस मौके पर छत्तीसगढ़ में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कोरिया जिले में कैंसर को लेकर विशेष जागरूकता और स्क्रीनिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पांच सौ से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग की गई।

सीजीएमएससी घोटाला

छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन–सीजीएमएससी घोटाला मामले में आरोपी मोक्षित कॉर्पोरेशन के डायरेक्टर शशांक चोपड़ा को आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो–ईओडब्ल्यू की विशेष कोर्ट ने छह दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया। इसके पहले, सात दिन की रिमांड खत्म होने पर शशांक चोपड़ा को ईओडब्ल्यू न्यायालय की विशेष न्यायधीश निधि शर्मा तिवारी की कोर्ट में पेश किया गया। अब इस मामले की सुनवाई दस फरवरी को होगी।

संक्षिप्त समाचार

– नई दिल्ली में आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राज्यपाल रमेन डेका ने सौजन्य मुलाकात की। इसके अलावा श्री डेका ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी भेंट की।

– प्रवर्तन निदेशालय–ईडी ने अवैध कोयला लेवी घोटाला मामले में व्यवसायी सूर्यकांत तिवारी की लगभग पचास करोड़ रूपये की संपत्ति को कुर्क कर दिया है। इनमें चल और अचल संपत्ति शामिल है।

– सीजीएमएससी में दवा खरीदी घोटाले के संबंध में ईओडब्ल्यू और एसीबी ने राज्य के तीन आईएएस अधिकारियों को पूछताछ के लिए तलब किया है।

– छत्तीसगढ़ इंफोटेक प्रमोशन सोसायटी–चिप्स द्वारा कल राजधानी रायपुर में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस–एआई पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

– आयकर विभाग की टीम ने आज धमतरी में एक ज्वेलर्स के ठिकानों पर छापामार कार्रवाई की। इस कार्रवाई में धमतरी और रायपुर की टीम शामिल हैं।

– बलरामपुर जिले के रामानुजगंज में आज मधुमक्खियों के हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। वहीं, तीन अन्य लोग घायल हो गए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।